स्टार्टअप के लिए मिलेगा दस लाख का फंड

आईआईएम काशीपुर के सहयोग से जेनेसिस स्कीम के तहत मिलेगी धनराशि

अमर उजाला ब्यूरो

अभी तक जमा हुए 29 आवेदन, 31 अक्तूबर है अंतिम तिथि

काशीपुर। प्रदेश में स्टार्टअप की राह आसान बनाने के लिए आईआईएम काशीपुर के सहयोग से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उद्यमियों को फंड जुटाने में मदद की जा रही है।

इसी क्रम में जेनेसिस योजना के तहत युवाओं को 10 लाख रुपये की फंडिंग पाने का अवसर दिया गया है। 31 अक्तूबर तक योजना का लाभ लेने के लिए युवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

भारत सरकार की ओर से जेनेसिस योजना चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

इस योजना के तहत चयनित स्टार्टअप को प्रोसेस इंक्यूबेशन, कनेक्टिविटी, मार्केटिंग सहयोग और तकनीकी सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर के फीड इंक्यूबेशन सेंटर ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से जेनेसिस स्कीम के लिए आवेदन मांगे हैं।

इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग, डीपटेक सॉफ्टवेयर एंड प्रोडक्ट और आईसीटी स्पेस आधारित स्टार्टअप के लिए युवा आवेदन कर सकते हैं।

आइडिया का चयन होने पर दस लाख रुपये की फंडिंग प्रदान की जाएगी। इस फंड का उपयोग कंपनी को प्रोटोटाइप, प्रोडक्ट विकास और न्यूनतम योग्य उत्पाद विकसित करने के लिए किया जाएगा।

इस फंड को प्राप्त करने के लिए www.fied.in वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। अब तक प्रदेश में 29 लोगों ने इस योजना के लिए आवेदन किया है।

धोनी की पत्नी साक्षी ने किया परिवार समेत स्नान

हरिद्वार। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी ने भी छठ महापर्व से पूर्व मायके और ससुराल पक्ष के सदस्यों के साथ मां गंगा का स्नान कर पूजन किया।

उन्होंने प्रबंध कार्यकारिणी संस्था श्रीगंगा सभा के पदाधिकारियों से प्रसाद स्वरूप गंगाजली और रुद्राक्ष की माला भी प्राप्त किया। इसी बीच साक्षी धोनी ने गरीबों और श्रद्धालुओं में स्टॉल लगाकर प्रसाद भी बांटे।

पूरे कार्यक्रम के दौरान उनके परिवार के सदस्य और महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जिवा ने पूरी आस्था के साथ हरकी पैड़ी पर लोगों का अभिवादन भी स्वीकार्य किया। संवाद



मृतक से आरोपियों का पहले से ही लेनदेन को लेकर था विवाद

नितिन हत्याकांड

संवाद न्यूज एजेंसी

नानकमत्ता। बहू की एडिट फोटो को वायरल करने के विवाद में जान गंवाने वाले नितिन अरोड़ा का एक साल से दो लाख रुपये के लेनदेन को लेकर नामजद आरोपी विकास से विवाद था।

बताया जा रहा है कि इसको लेकर पंचायत भी हुई थी। विकास ने डेढ़ लाख रुपये लौटा दिए थे जबकि 50 हजार रुपये देने बाकी थे। बकाया रुपयों को लेकर भी दोनों के बीच मनमुटाव था।

दो महिलाओं का सुहाग उजड़ा : मृतक नितिन ने दो शादियां की थीं। उसकी हत्या के बाद दोनों पत्नियों का सुहाग उजड़ गया। पहले उसने सपना विश्वास से शादी की थी जिससे उसका एक बेटा है। इसके बाद उसने अनिता अरोड़ा से शादी कर ली थी और उससे दो बेटे हैं। उसने दोनों पत्नियों को मकान बनवाकर दिए हैं। संवाद



नानकमत्ता में रोते बिलखते मृतक के परिजन। संवाद

मां की सस्ता गल्ला की दुकान में हाथ बंटाता था मृतक

नितिन का कोई कारोबार नहीं था। वह अपनी मां आशा कौर के नाम पर आवंटित सस्ता गल्ला की दुकान के संचालन में हाथ बंटाता था। इसके अलावा वह छोटे-मोटे काम करता रहता था।

घर पर ताला लगाकर भागे आरोपी

नितिन की हत्या में नामजद परिवार घर छोड़कर भागा हुआ है। विद्युत विश्वास और उसके दो बेटे विशाल और आशीष राजमिस्त्री हैं। चौथा नामजद आरोपी विकास की रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। पुलिस के अनुसार आरोपियों का अभी तक आपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आया है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जा रही टीम पर मधुमक्खियों का हमला



संजय सक्टा



गोपाल दत्त



सुधीर कुमार

टनकपुर(चंपावत)। सीएम पुष्कर सिंह धामी के बनबसा स्थित लैंड पोर्ट परियोजना के स्थलीय निरीक्षण कार्यक्रम की कवरेज करने जा रही जिला सूचना विभाग की टीम पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले में जिला सूचना अधिकारी समेत सूचना विभाग के चार कर्मी घायल हो गए। चारों घायलों का उप जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज किया गया।

उप जिला अस्पताल में सूचना विभाग के कर्मियों ने बताया कि जिला सूचना अधिकारी धीरज कार्की (26) पुत्र भगत सिंह, सूचना विभाग के चंपावत निवासी संजय सक्टा (41) पुत्र प्रेम बल्लभ, बडोली , चंपावत निवासी गोपाल दत्त (40) पुत्र धर्मानंद, नैनीताल निवासी सुधीर कुमार (45) पुत्र मोहन लाल शुक्रवार

बनबसा के गड़ीगोठ में जिला सूचना अधिकारी समेत चार कर्मचारी घायल

सुबह सीएम के कार्यक्रम की कवरेज करने के लिए लैंड पोर्ट स्थल की ओर वाहन से जा रहे थे। इस बीच रास्ते में गड़ीगोठ के समीप मधुमक्खियों ने टीम पर हमला कर दिया।

घायलों को तत्काल उप जिला अस्पताल लाया गया। डॉ. मोहम्मद उमर ने प्राथमिक इलाज किया। उन्होंने बताया प्राथमिक इलाज के बाद चारों की हालत में सुधार है। बता दें कि बृहस्पतिवार को भी ककराली गेट के समीप मधुमक्खियां हमलावर हो गई थीं। कई राहगीरों को डंक मारा, दो का उप जिला अस्पताल में इलाज किया गया था। संवाद

पीएम जनमन में यूपीसीएल ने पूरा किया लक्ष्य

विद्युत मंत्रालय के सचिव ने प्रमुख सचिव ऊर्जा को भेजा बधाई संदेश

देहरादून। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत उत्तराखंड के आदिवासी समुदाय के सभी 669 घरों तक बिजली पहुंचाने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की पीठ थपथपाई है। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने इस संबंध में उत्तराखंड के प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम को बधाई पत्र भेजा है।

पीएम जनमन के तहत उत्तराखंड के जिन 669 घरों तक बिजली पहुंचाई गई, उनमें देहरादून जिले के सर्वाधिक 462 आवास, हरिद्वार के 119, नैनीताल के 81 और ऊधमसिंह नगर के सात आवास शामिल हैं। यूपीसीएल ने निर्धारित समयसीमा में इन घरों को रोशन किया है। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने अपने पत्र में बताया है कि बीते दिनों आदि कर्मयोगी अभियान 2025 के तहत हुए राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति ने पीएम जनमन के तहत केंद्रीय विद्युत मंत्रालय को बेस्ट परफॉर्मिंग के सम्मान से नवाजा। उत्तराखंड सहित सभी राज्यों में इस दिशा में श्रेष्ठ प्रदर्शन हुआ है।

उन्होंने प्रमुख सचिव सुंदरम और यूपीसीएल प्रबंधन को इसके लिए बधाई दी। कहा कि राज्य का यह योगदान निश्चित तौर पर जन जातियों के कल्याण, सशक्तीकरण और संपूर्ण विकास में अहम साबित होगा। ब्यूरो

क्या है पीएम जनमन योजना : पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान) एक सरकारी योजना है, जिसका उद्देश्य 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत, इन समूहों को बुनियादी सुविधाएं जैसे आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़क और बिजली प्रदान की जाती है। सतत आजीविका के अवसरों को भी बढ़ावा दिया जाता है।

अंकल! मेरे पापा कहां हैं, चार दिन से नहीं आए घर

काशीपुर में रोडवेज डिपो पहुंचकर लापता परिचालक के बेटे ने परिवहन निगम कर्मियों से लगाई गुहार

संवाद न्यूज एजेंसी

काशीपुर। अंकल! मेरे पापा कहां हैं, वो चार दिन से घर नहीं आए हैं। रोडवेज डिपो पर पहुंचे लापता परिचालक के 12 साल के लड़के ने अधिकारियों से सवाल किया तो वे सकते में आ गए। उन्होंने लड़के को उसके पिता को खोजने का भरोसा दिया।

काशीपुर के रम्पुरा निवासी 45 वर्षीय इंद्रराज राम रोडवेज डिपो में प्लेटिनियम एजेंसी के तहत परिचालक हैं। वह हरिद्वार रूट की बस में ड्यूटी करता था। वह एक माह से ड्यूटी पर नहीं आ रहा था। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे के पास उसका बेटा सूरज कुमार बस अड्डे पहुंचा था।

सूरज ने डिपो अधिकारियों को बताया कि उसके पिता रोजाना घर से ड्यूटी पर जाने के लिए निकलते थे। चार दिन से वे घर नहीं आ रहे हैं। उनको लगा कि पिता ड्यूटी पर गए होंगे।

पिता के घर नहीं पहुंचने से उसकी मां सोस कलां, बहन चंद्रा कुमारी परेशान हैं। उन्होंने रिश्तेदारी में भी फोन कर पता किया था लेकिन उनकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। उसने अधिकारियों से पिता को ढूंढने में मदद की मांग की।



कर्मचारियों से पिता के बारे में जानकारी लेता किशोर। संवाद

परिचालक इंद्रराज राम को एक माह पहले बिना टिकट सफर कराने में पकड़ा गया था। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई चल रही है। इसके बाद से वह डिपो में नहीं आ रहा है। अब उसके बेटे ने बताया कि वह चार दिन से लापता है। उसके बेटे को पुलिस में तहरीर देने के लिए कहा गया है। **-राजेंद्र कुमार आर्य, एआरएम, रोडवेज डिपो, काशीपुर**

छेनागाड़ में आपदा में लापता दो के शव मिले

रुद्रप्रयाग। जिले के ऊखीमठ क्षेत्र के छेनागाड़ में गत 28-29 अगस्त को आई आपदा में लापता लोगों की तलाश के दौरान शुक्रवार को दो शव मिले। पीडब्ल्यूडी ऊखीमठ के कार्मिकों को क्षेत्र में तलाश के दौरान दो शव दिखाई दिए, जिसकी सूचना तुरंत राहत टीम को दी गई।

सूचना मिलने पर डीडीआरएफ टीम बसुकेदार मौके पर पहुंची और दोनों शवों को बॉडी कवर में पैक कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बरामद शवों में से एक की शिनाख्त कुलदीप सिंह पुत्र बीरबल सिंह, निवासी ग्राम उछोला भोर, उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है।

जबकि दूसरे शव का केवल पैर मिलने से उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस दूसरे की पहचान की प्रक्रिया में जुटी है। संवाद

समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक थे पंकज : धीर

ऋषिकेश। बॉलीवुड अभिनेता पंकज धीर के निधन के बाद उनके पुत्र निकितन धीर अपने परिवार के सदस्यों के साथ परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे। उन्होंने स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

उन्होंने स्वामी के साथ अपने पिता की स्मृतियां साझा की और उनकी आत्मा की शांति के लिए आश्रम में विशेष शांति पूजा का आयोजन किया।

स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि पंकज धीर ने अपने समर्पित प्रयास और उत्कृष्ट कौशल से भारतीय धारावाहिकों और फिल्मों के माध्यम से संस्कृति, निष्ठा और सम्मान का संदेश प्रस्तुत किया।

निकितन धीर ने अपने पिता की यादों को साझा करते हुए बताया कि पंकज धीर का जीवन केवल अभिनय तक सीमित नहीं था। वे एक आदर्श परिवार पुरुष, एक समर्पित पिता और समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक भी थे। संवाद

कनारीछीना के पास ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त, युवक की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

अल्मोड़ा। बाड़ेछीना-शेराघाट मोटर मार्ग पर कनारीछीना के पास आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार शाम तीन बजे ऑल्टो कार कनारीछीना से सवारी छोड़कर वापस जमराड़ी की तरफ वापस आ रही थी।

तभी पावर हाउस के पास कार अनियंत्रित होकर करीब 30 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में जमराड़ी निवासी महिपाल नेगी (34) पुत्र चंदन सिंह नेगी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेदीबगड़ निवासी वाहन चालक नीरज सिंह गैड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल नीरज को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौलछीना भेजा, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।





यूको बैंक UCO BANK (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001

(नियम-8 (6)) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक 06.12.2025 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे (10 मिनट के असिमित स्वत: विस्तार सहित है) ई-नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चों की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	अ) दिनांक एवं ब) कब्जा का प्रकार	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि
		शाखा : हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड				
1.	**ऋणी** : श्री अमित कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रतन कुमार अग्रवाल। **सह–ऋणी** : श्रीमती तनु अग्रवाल पत्नी श्री अमित कुमार अग्रवाल। **दोनों पता**– 11/278, काला गोमती का मकान, दर्जी वाली गली, नया बाजार, मंगल पाड़ा, हलद्वानी, जिला–नैनीताल (उत्तराखंड) – 263139।	**अचल संपत्ति** : बंधक आवासीय सम्पत्ति भूमि एवं भवन जो पूर्व में 70 फीट, पश्चिम में 70 फीट, उत्तर में 40 फीट, दक्षिण में 40 फीट, क्षेत्रफल 2800 वर्ग फीट या क्षेत्रफल 260.22 वर्ग मीटर जिसका खाता संख्या 00313, खेत संख्या 623 घा मिन एवं प्राइवेट प्लॉट संख्या 17, जो ग्राम– मुखानी, तहसील–हल्द्वानी, जिला–नैनीताल, उत्तराखंड–263139 जो श्री अमित कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रतन कुमार अग्रवाल के नाम पर है जो 11/278, काला गोमती का मकान, टेलर वाली गली, नया बाजार, मंगल पाड़ा, हल्द्वानी, जिला–नैनीताल (उत्तराखंड)–263139 में स्थित है, । **विलेख विवरण** : बुक संख्या 1, वाल्यूम 2905 पृष्ठ 41–56, क्रमांक 7824, जो दिनांक 19.09.2018, को सब–रजिस्ट्रार कार्यालय हल्द्वानी में पंजीकृत। **सीमाएं:– पूर्व**– खाली प्लॉट संख्या 16, **पश्चिम**– खाली प्लॉट संख्या 18, **उत्तर**– खाली प्लॉट संख्या 10 और 11, **दक्षिण**– सड़क 30 फीट चौड़ी।	14.10.2025 सांकेतिक कब्जा	रू0 1,02,23,460.00 दिनांक 01.04.2025 तक +ब्याज और शुल्क	06.12.2025 दोपहर 01:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	रू0 1,30,00,000/- रू0 13,00,000/- रू0 1,00,000/-
			मांग सूचना की तिथि 12.08.2025	बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 06.12.2025 दोपहर 01 बजे से सायं 4:50 बजे तक		

संपति निरीक्षण की तिथि और समय 03.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कृपया श्रीमती गीता धामी शाखा प्रबन्धक, मो0– 9230501592 से सम्पर्क करें।

नियम एवं शर्तें:- 1. बिक्री प्रतिभूति हित पवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तो के अधीन होगी। पर उपलब्ध है। बिक्री से संबधित नियमों व शर्तो की जानकारी दी गई वेबसाइड वेबपोर्टल: https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को **"जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" "जो कुछ भी है"** के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नही होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 06.12.2025 को दोपहर: 01:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की ओर से बोली लगाने हेतु प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार 03.12.2025 को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

दिनांक 24.10.2025 स्थान –हल्द्वानी प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक